# ध्येय पथ

## सितम्बर 2023

## मासिक ई-पत्रिका



सम्पादक

श्रीमती पुष्पा निषाद

डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

## महाराणा प्रताप महाविद्याल, जंगल धूसड़ गोरखपुर

## शिक्षक दिवस

05 सितम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर आदर्श शिक्षक सम्मान एवं ''शिक्षक आचरण एवं व्यवहार'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. सदानन्द प्रसाद गुप्त ने अपना उद्‌बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। अध्यक्ष महोदय ने मुख्य अतिथि जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर पं. मदन मोहन मालवीय सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड्. विभाग के सहायक आचार्य श्री अभिषेक त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।



## फाइलेरिया के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य शिविर

05 सितम्बर को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत महन्त अवेद्यनाथ प्राथमिक उपचार केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में फाइलेरिया एम.डी.ए. अभियान के अन्तर्गत फाइलेरिया के रोकथाम हेतु शिविर तथा निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इस शिविर के स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरगांवा, गोरखपुर के डॉ. मनोज कुमार जी ने लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त एवं डॉ. आरती सिंह ने किया।



## शोध व्याख्यान प्रतियोगिता

05 सितम्बर को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ''न्यूट्रिशन वीक'' के अवसर पर ''हेल्थी अर्फोडबल डाइट फार ऑल'' विषय पर शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 23 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की दिव्या कुमारी को प्रथम स्थान, बी.ए.प्रथम सेमेस्टर की अंकिता निषाद को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की महिमा यादव को तृतीय स्थान तथा वन्दना चौहान को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में कम्प्यूटर साइंस विभाग के सहायक आचार्य श्री प्रियांशु श्रीवास्तव, गृह विज्ञान विभाग की सुश्री स्मृति सिंह व सुश्री रितिका त्रिपाठी ने निभायी। कार्यक्रम का संयोजन विभाग प्रभारी दीपशिखा नागवंशी ने किया।




## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती




05 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में डॉ. राधाकृष्णन जयंती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया व्याख्यान के वक्ता रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य श्री विवेक विश्वकर्मा ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विचार गोष्ठी

08 सितम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग के तत्वावधान में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी में बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर के नेहा सिंह, शालू मद्धेशिया, अर्पणा सिंह, पारूल, सत्यप्रकाश, आर्शीवाद, कश्यप, रानी, मुकुल, अरूण, किशन, ज्योति, शिवम पाण्डेय ने अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।



## पोस्टर प्रतियोगिता



08 सितम्बर को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एस–सी. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर की अर्पिता चतुर्वेदी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी क्रम में बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर में हुए पोस्टर प्रतियोगिता में पल्लवी मिश्रा को प्रथम स्थान, अकांक्षा शर्मा को द्वितीय स्थान तथा अंशिका सिंह एवं मोहन चौरसिया को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की दीपा गौड़ को प्रथम स्थान, रूबी सिंह को द्वितीय स्थान एवं नैना गुप्ता एवं अन्नु मौर्या को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में श्री विनय कुमार सिंह, डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव जी रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने किया।

## विश्व साक्षरता दिवस




08 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता के रूप में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के वंशदीप रॉय ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## भारतेन्दु हरिचन्द्र जयंती व योगाभ्यास




09 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में भारतेन्दु हरिशचन्द्र जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य श्री विनय कुमार सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि दिया। साथ ही आप ने योगाभ्यास के क्रम में विभिन्न योगासन जैसे–ताड़ासन, सूक्ष्म व्यायाम, त्रिकोणासन इत्यादि की प्रक्रिया को भी बताया।

## महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि एवं विनोबा भावे जयन्ती



11 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में महादेवी वर्मा पुण्यतिथि व विनोबा भावे जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता के रूप में बी.ए. पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी श्री तारकेश्वर पाण्डेय ने अपने विचार प्रस्तुत कर दोनो महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## विशिष्ट व्याख्यान




13 सितम्बर को महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा ''पृथ्वी एवं जैव मण्डल'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता बापू पी.जी. कॉलेज, पीपीगंज, गोरखपुर के भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रमोद कुमार ने सम्बन्धित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन उप–प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने तथा संचालन डॉ. नीलम गुप्ता ने व आभार ज्ञापन श्री अरविन्द कुमार मौर्य ने किया।

## जतिनदास शहीदी दिवस




13 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में जतिनदास शहीदी दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता के रूप में बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर के छात्र आलोक सिंह ने अपने विचा प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## व्याख्यान प्रतियोगिता

13 सितम्बर को महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर स्तर पर व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 13 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एम. एस–सी तृतीय सेमेस्टर की श्रेया मल्ल को प्रथम, प्रशान्त कुमार सिंह को द्वितीय एवं ज्योति सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विभाग के डॉ. शिवकुमार बर्नवाल, डॉ. राम सहाय, श्रीमती दिव्या दूबे, सुश्री नम्रता मिश्रा ने रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम सहाय ने किया।




## हिन्दी दिवस

14 सितम्बर को महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के हिन्दी विभाग के सेवा निवृत्त आचार्य एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रो. सदानन्द प्रसाद गुप्त जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुधा शुक्ल ने तथा संयोजन व आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी डॉ. आरती सिंह ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान




14 सितम्बर को महाविद्यालय के इतिहास विभाग के तत्वावधान में जतिनदास शहीदी दिवस के अवसर पर ''भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन तथा जतिनदास'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता बी.एड्. विभाग के श्री अभिषेक त्रिपाठी जी रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना गुप्ता ने तथा आभार ज्ञापन श्री अनूप पाण्डेय ने किया।

## एम. विश्वेश्वरैया जयन्ती



15 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में एम. विश्वेश्वरैया जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता के रूप में बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुश्री प्रतिमा पाण्डेय ने अपना उद्बोधन देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## शपथ ग्रहण समारोह




16 सितम्बर को महाविद्यालय में नव निर्वाचित छात्रसंघ के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में सुश्री ममता गौड़, उपाध्यक्ष सुश्री संजना सिंह, महामंत्री श्री आलोक चौहान एवं पुस्तकालय मंत्री श्री सचिन चौहान के साथ छात्रसंघ के सदस्य के रूप में 53 कक्षा प्रतिनिधियों को महाविद्यालय की उप–प्राचाय्र श्रीमती शिप्रा सिंह ने पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर छात्रसंघ प्रभारी श्री हरिकेश यादव भी उपस्थित रहे।

## विश्व ओजोन संरक्षण दिवस (निबन्ध प्रतियोगिता)

16 सितम्बर को महाविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वावधान में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 54 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की अर्पूवा को प्रथम स्थान, बी.ए प्रथम सेमेस्टर के कुलदीप कुमार को द्वितीय स्थान व बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की मुस्कान चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में विभाग के डॉ. नीलम गुप्ता, व डॉ. विजय कुमार चौधरी जी रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शालू श्रीवास्तव ने किया।




## विचार गोष्ठी




16 सितम्बर को महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग द्वारा विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर के विशाल, आशीर्वाद, पूजा मद्धेशिया, प्रतिभा, अर्पणा, अंजली, अरूण सहित कुल 25 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया।

## विश्व ओजोन दिवस

16 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता के रूप में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र श्री आलोक चौहान ने अपने विचार प्रस्तुत किया।



## एन.सी.सी. कैडेट चयन प्रक्रिया



16 सितम्बर को महाविद्यालय में संचालित 45वीं यू.पी.एन.सी.सी. बटालियन की इकाई में कैडेट चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें महाविद्यालय के कुल 110 अभ्यर्थी शामिल हुए। शारीरिक परीक्षण लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से लेफ्टिनेंट रमाकान्त दूबे, सूबेदार हरबहाल सिंह एवं नायक दल बहादुर गुरुंग ने कैडेट्स की चयन प्रक्रिया को सम्पन्न किया। निरीक्षक के रूप में कर्नल ए. के. दीक्षित जी उपस्थित रहे।

## विशिष्ट व्याख्यान




16 सितम्बर को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभय श्रीवास्तव जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता व डॉ. आरती सिंह ने किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी

18 सितम्बर को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बी. एस–सी. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर के कुल 45 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें गुड़िया को प्रथम स्थान, रूबी सिंह एवं प्रगति जायसवाल को द्वितीय स्थान तथा दीपा गौड़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि बी.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर के कुल 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पल्लवी मिश्रा को प्रथम स्थान, शालिनी चौहान को द्वितीय स्थान एवं शिखा श्रीवास्तव, कंचन सिंह एवं आयुष को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर में आयोजित प्रदर्शनी में कुल 18 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें पूजा गुप्ता पुत्री श्री सुभाष गुप्ता को प्रथम पूजा गुप्ता पुत्री श्री शेषनाथ गुप्ता को द्वितीय व निधि सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में डॉ. शिव कुमार डॉ. अभय श्रीवास्तव जी रहे। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।




## विशिष्ट व्याख्यान

21 सितम्बर को महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा "कोआर्डिनेशन कम्पाउण्ड्स की उपयोगिता" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रसायन विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. एन.पी. सिंह ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के डॉ. रामसहाय ने व आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी डॉ. शिवकुमार बर्नवाल ने किया।



## केस स्टडी कार्यक्रम

21 सितम्बर को महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा ''भारतीय अनुबन्ध अधिनियम 1872 के तहत समझौता और अनुबन्ध'' विषय पर केस स्टडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विषय के तृतीय सेमेस्टर के 10 विद्यार्थियों के ग्रुप ने प्रतिभाग किया। एक ग्रुप में 5 विद्यार्थी सम्मिलित थे। कार्यक्रम में प्रतीक राज, अपूर्वा, शैलप्रिया, निदा फातिमा, आँचल, कॉजल, नीतू, अंशिका, शिखा व प्रीति ने अपनी प्रस्तुती दी। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन श्रीमती श्वेता ने किया व आभार ज्ञापन विभाग प्रभारी श्री नन्दन शर्मा ने किया।




## पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता

22 सितम्बर को महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा ''स्वस्थ्य जीवन में योग का महत्व'' विषय पर एक पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के कुल 19 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सावित्री प्रजापति को प्रथम स्थान प्रीति विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान तथा ज्योति विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में बी.एड्. विभाग की श्रीमती अर्पिता सिंह व श्री अभिषेक त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड्. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।



## पं दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती व सतीश धवन जयन्ती




25 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में पं दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती व सतीश धवन जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता बी. ए. तृतीय सेमेस्टर के सचिन चौहान ने अपने विचार प्रस्तुत कर दोनो महान विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## रोवर/रेंजर परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम




25 सितम्बर को महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर रोवर/रेंजर परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संगठन आयुक्त, भारत स्काउट गाइड, गोरखपुर के श्री सूरज चन्द्र गौतम ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कुल 61 रोवर्स/रेंजर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन रोवर/रेंजर प्रभारी श्री शैलेन्द्र सिंह ने किया। व संचालन श्री अभिषेक त्रिपाठी ने किया।

## ईश्वर चन्द्र विद्यासागर जयन्ती




26 सितम्बर को महाविद्यालय के प्रार्थना सभा में ईश्वर चन्द्र विद्यासागर जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के वक्ता बी. ए. प्रथम सेमेस्टर के त्रिदेव अपना उद्बोधन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## अतिथि व्याख्यान

26 सितम्बर को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।




व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में जे.बी. महाजन पी.जी. कॉलेज, चौरी–चौरा के वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शैलेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन विभाग प्रभारी डॉ. अभय श्रीवास्तव ने व आभार ज्ञापन डॉ. अखिलेश गुप्ता ने किया।

## विशिष्ट व्याख्यान

29 सितम्बर को महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ''विश्व हृदय दिवस के अवसर पर ''हृदय का प्रयोग करें, हृदय को जाने'' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता बी.आर. डी. मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर अजहर अली खान ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग प्रभारी दीपशिखा नागवंशी ने किया तथा संयोजन डॉ. अवन्तिका ने तथा आभार ज्ञापन उप–प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान

29 सितम्बर को महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा ''स्वतन्त्रता आन्दोलन में महिलाओं की भूमिका'' विष पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य अतिथि के रूप में बापू पी.जी. कॉलेज, पीपीगंज गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. देव नारायण पाण्डेय ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संचालन बी.ए पंचम सेमेस्टर के छात्र श्री विष्णु पटेल एवं अतिथि स्वागत व आभार विभाग प्रभारी डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया।




## व्याख्यान प्रतियोगिता

30 सितम्बर को महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी. एस–सी. प्रथम सेमेस्टर के कुल 27 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में रूबी सिंह को प्रथम स्थान, दीपा गौड़ को द्वितीय स्थान, अमित सिंह कुशवाहा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में डॉ. रघुवीर नारायण सिंह तथा विनय कुमार सिंह जी रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्राणि विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शिव कुमार ने किया।



## विज्ञान प्रदर्शनी

30 सितम्बर को महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में बी.एड्. की सहायक आचार्या डॉ. विभा सिंह उपस्थित रहीं। प्रदर्शनी में कुल 83 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर की दीपा को प्रथम स्थान, रूबी सिंह को द्वितीय स्थान एवं विद्यासागर निषाद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त, श्री विनय कुमार सिंह जी रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रघुवीर नारायण सिंह ने किया।



## व्याख्यान प्रतियोगिता व निबन्ध प्रतियोगिता

30 सितम्बर को महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में ''भारत में बाढ़ का स्वरूप'' विष पर व्याख्यान प्रतियोगिता व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र निमिष सिंह को प्रथम स्थान, एम.ए तृतीय सेमेस्टर के दुर्गेश पाल को द्वितीय स्थान, एम. ए. प्रथम सेमेस्टर के अंकित मण्डल को तृतीय स्थान व बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की नीलू को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। जबकि निबन्ध प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की अपूर्वा को प्रथम स्थान, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के कुलदीप कुमार द्वितीय स्थान, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की मुस्कान चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. नीलम गुप्ता जी रही। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द कुमार मौर्य ने व संयोजन डॉ. शालू श्रीवास्तव ने किया।



## विशिष्ट व्याख्यान

30 सितम्बर को महाविद्यालय के इतिहास विभाग के तत्वावधान में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सलिल कुमार पाण्डेय जी रहे। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र विष्णु पटेल ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. अर्चना गुप्ता ने किया।



# समाचार पत्रो में प्रकाशित महाविद्यालय के विविध कार्यक्रम

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com गोरखपुर रविवार 17 सितंबर 2023 02

## पदाधिकारियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में शनिवार को नव निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष ममता गौड़, उपाध्यक्ष संजना सिंह, महामंत्री आलोक चौहान एवं पुस्तकालय मंत्री सचिन चौहान के साथ छात्रसंघ सदस्य के रूप में 53 कक्षा प्रतिनिधियों को उप प्राचार्य शिप्रा सिंह ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

amarujala.com गोरखपुर | रविवार, 17 सितंबर 2023 9

## नवनिर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ



गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में शनिवार को नव निर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। छात्र संघ अध्यक्ष ममता गौड़, उपाध्यक्ष संजना सिंह, महामंत्री आलोक चौहान एवं पुस्तकालय मंत्री सचिन चौहान के साथ छात्र संघ सदस्य के रूप में 53 कक्षा प्रतिनिधियों को उप प्राचार्य शिप्रा सिंह ने पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र संघ के प्रभारी हरिकेश यादव ने कहा कि राष्ट्र निर्माण या विकास में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संवाद

आज गोरखपुर, शुक्रवार, १५ सितम्बर, २०२३

## भाषा संस्कृति का वाहक होती है-प्रो. सदानन्द प्रसाद गुप्त



हिन्दुस्तान गोरखपुर शुक्रवार 22 सितंबर 2023 04

## व्याख्यान

गोरखपुर। एमपी पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में रसायन विभाग ने 'कोऑर्डिनेशन कम्पाउण्ड्स की उपयोगिता' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डीडीयू के केमिस्ट्री के प्रो. एनपी सिंह ने कहा कि रासायनिक संरचनाओं वाले पदार्थों का कोई भी वर्ग जिसमें एक केन्द्रीय धातु परमाणु, गैर-धातु परमाणुओं या परमाणुओं के समूहों से घिरा होता है, कोऑर्डिनेशन कम्पाउण्ड होता है।

आज गोरखपुर, रविवार, १७ सितम्बर, २०२३

## छात्र-संघ के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिलायी गयी पद एवं गोपनीयता की शपथ



◆महाविद्यालय की उप-प्राचार्य श्रीमती शिप्रा सिंह ने दिलाई शपथ ◆छात्रसंघ का वर्तमान कार्यकाल समर्पण, अखण्डता और बेहतर भविष्य की खोज से चिन्हित होगा- हरिकेश यादव ◆ओजोन संरक्षण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में आयोजित हुए कार्यक्रम

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
गोरखपुर
शनिवार
23 सितंबर 2023
07

## पोस्टर मेकिंग में सावित्री प्रथम

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा 'स्वस्थ जीवन में योग का महत्व' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सावित्री प्रजापति प्रथम, प्रीति विश्वकर्मा द्वितीय व ज्योति विश्वकर्मा तृतीय रही। निर्णायक की भूमिका अर्पिता सिंह एवं अभिषेक त्रिपाठी ने निभाई। संयोजन पुष्पा निषाद ने किया।

गोरखपुर, शुक्रवार, २२ सितम्बर, २०२३ आज

## 'कोऑर्डिनेशन कम्पाउण्ड्स की उपयोगिता' विषय पर दी विस्तृत जानकारी



आज गोरखपुर, शनिवार, २३ सितम्बर, २०२३

## पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता में सावित्री ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा "स्वस्थ जीवन में योग का महत्व" विषय पर एक पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के कुल 19 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सावित्री प्रजापति को प्रथम स्थान, प्रीति विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान एवं ज्योति विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में महाराणा प्रताप महाविद्यालय के बी.एड् विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती अर्पिता सिंह एवं अभिषेक त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड् विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया।



आज गोरखपुर, शनिवार, ३० सितम्बर, २०२३

## स्वस्थ जीवन शैली एवं उचित खान-पान बचा सकता है हृदय रोग से-प्रो.अजहरअली खान



आज गोरखपुर, मंगलवार, २६ सितम्बर, २०२३

## पं.दीन दयाल उपाध्याय प्रखर राष्ट्रीवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता थे



आज गोरखपुर, बुधवार, २७ सितम्बर, २०२३

## ईश्वर चन्द्र विद्यासागर की जयंती पर वक्ताओं ने रखे अपने विचार



भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में सितम्बर माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

# महाराणा प्रताप महाविधाल, जंगल धूसड़ गोरखपुर